भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या †3703
दिनांक 16.07.2019/25 आषाढ़,1941 (शक) को उत्तर के लिए

पुलिस स्टेशनों की रैंकिंग

†3703. डॉ. एम.के. विष्णु प्रसादः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार बेहतर प्रशासन के लिए पुलिस स्टेशनों को रैंकिंग प्रदान करने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पुलिस स्टेशनों के मूल्यांकन के लिए क्या मानदंड हैं;

(घ) क्या शीर्ष रैंकिंग के पुलिस स्टेशनों को केन्द्र से कोई मान्यता/पुरस्कार मिलेगा; और

(ङ) उन पुलिस स्टेशनों का ब्यौरा क्या है जिन्होंने उक्त सूची में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी किशन रेड्डी)

(क) से (ग): जी, हाँ। गृह मंत्रालय ने वर्ष 2018 में पुलिस स्टेशनों की रैंकिंग की प्रणाली शुरू की है। यह एक दो चरणों वाली प्रक्रिया है, जिसमें महिलाओं के प्रति अपराधों, अ.जा./अ.जजा. के प्रति अपराधों और संपत्ति संबंधी अपराधों के मामलों में दोषसिद्धि दर के आधार पर देश के 15,000 से अधिक पुलिस स्टेशनों में से 750 से अधिक पुलिस स्टेशनों वाले राज्यों से 3 पुलिस स्टेशनों, अन्य सभी राज्यों और दिल्ली से 2-2 पुलिस स्टेशनों और संघ राज्य क्षेत्रों से एक-एक पुलिस स्टेशन का चयन किया जाता है। दूसरे चरण में, अपराध निवारण एवं सक्रिय उपाय करने, मामलों के निपटान, लोक व्यवस्था को बनाए

रखने, अवसंरचना के मूल्यांकन एवं नागरिकों के फीडबैक के आधार पर कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन किया जाता है। इस उद्देश्य के लिए सर्वेक्षण करने वाली टीम द्वारा चयनित पुलिस स्टेशनों का व्यक्तिगत रूप से दौरा किया जाता है।

(घ) और (ड.): दिशानिर्देशों में पुरस्कार प्रदान करने के लिए दो सेटों का प्रावधान है अर्थात पहला देश के सर्वोच्च (टॉप) 3 सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशनों के लिए और दूसरा प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन के लिए। केवड़िया, गुज़रात में दिसंबर, 2018 में आयोजित पिछले डीजीपी/आईजीपी सम्मलेन में, देश के सर्वश्रेष्ठ 3 पुलिस स्टेशनों को शील्डें प्रदान की गई थीं। प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के सर्वोच्च पुलिस स्टेशनों को प्रमाणपत्र प्रदान किये गए हैं।

सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशनों की सूची संलग्न है।

******

अनुलग्नक

दिनांक 16.07.2019 का लो.स.अता.प्र.सं.3703

वर्ष 2018 में मूल्यांकित देश के तीन सर्वोच्च पुलिस स्टेशन

रैंक	पुलिस स्टेशन का नाम	जिला	राज्य
1.	कालू	बीकानेर	राजस्थान
2.	कैम्पबेल बे	निकोबार	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह
3.	फरक्का	मुर्शिदाबाद	पश्चिम बंगाल

प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशनों की सूची

राज्य	जिला	पुलिस स्टेशन का नाम
आंध्र प्रदेश	विजियानगरम	सीतानगरम
अरुणाचल प्रदेश	लॉगडिंग	कानूबरी
असम	शिवसागर	नाजिरा
बिहार	भागलपुर	जगदीशपुर
छत्तीसगढ़	धमतरी	धमतरी
गोवा	दक्षिण गोवा	करचोरेम
गुजरात	खेड़ा	कपाडवंज रूरल
हरियाणा	अंबाला	बलदेव नगर
हिमाचल प्रदेश	शिमला	चोपाल
जम्मू और कश्मीर	सोपोर, बारामूला	डांगी वाचा
झारखंड	सरायकेला	इचागढ़
कर्नाटक	धारवाड़	गुडागेरी
केरल	इडुक्की	वन्दनमेडू
मध्य प्रदेश	श्योपुर	धोधर
महाराष्ट्र	सतारा	रहीमतपुर
मणिपुर	विष्णुपुर	नमबोल
मेघालय	खासी हिल्स ईस्ट	लाबान
मिजोरम	चम्फई	चम्फई
नागालैंड	पेरेन	पेरेन
ओडिशा	सुबरनपुर	तरावा
पंजाब	कपूरथला	सदर कपूरथला
राजस्थान	बीकानेर	कालू
सिक्किम	पश्चिम जिला	नया बाजार
तमिलनाडु	थेनी	पेरियाकुलम
तेलंगाना	राचाकोंडा	नारायणपुर
त्रिपुरा	गोमती	नूतन बाजार
उत्तर प्रदेश	शामली	बाबरी
उत्तराखंड	पिथौरागढ़	मुंसियारी
पश्चिम बंगाल	मुर्शिदाबाद	फरक्का
संघ राज्य क्षेत्र	**जिला**	**पुलिस स्टेशन का नाम**
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	निकोबार	कैम्पबेल बे
चंडीगढ़	चंडीगढ़	सेक्टर-36
दादरा और नगर हवेली	खानवेल	खानवेल
दमन और दीव	दमन जिला	नानी दमन
दिल्ली	उत्तरी	कश्मीरी गेट
लक्षद्वीप	लक्षद्वीप	मिनिकॉय
पुदुचेरी	पुदुचेरी	नेट्टापक्कम